भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

19.01.2024-अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना "एलआईसी की जीवन धारा II " (योजना संख्या 872) का शुभांरभ

भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ महान्ति ने एक नई योजना, एलआईसी की जीवन धारा II का शुभांरभ किया जो कि 22.01.2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। एलआईसी की जीवन धारा- II एक व्यक्तिगत, बचत, आस्थगित वार्षिकी योजना है । एलआईसी की जीवन धारा- II के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) UIN: 512N364V01 है ।

• वार्षिकीग्राही/प्राथमिक/द्वितीयक वार्षिकीग्राही के लिए प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 20 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है और चुने गए वार्षिकी विकल्प के आधार पर प्रवेश के समय अधिकतम आयु 80, 70, 65 वर्ष में से आस्थगन अवधि को घटाकर प्राप्त आयु है।

• वार्षिकी की गारंटी शुरुआत से ही दी जाती है और संभावित पॉलिसीधारकों के लिए 11 वार्षिकी विकल्प उपलब्ध हैं।

• अधिक उम्र में वार्षिकी दरें अधिक होती हैं।

•आस्थगन अवधि के दौरान लाईफ कवर उपलब्ध है।

• चुनने के लिए विकल्प उपलब्ध है:

(i) नियमित प्रीमियम और एकल प्रीमियम।

(ii) एकल जीवन वार्षिकी और संयुक्त जीवन वार्षिकी।

(iii) उपलब्ध आस्थगन अवधि [5 वर्ष से 15 वर्ष (नियमित प्रीमियम के प्रकार में) और 1 वर्ष से 15 वर्ष (एकल प्रीमियम के प्रकार में)] यानी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वार्षिकी भुगतान शुरू कर सकते हैं।

(iv) वार्षिकी भुगतान के प्रकार (वार्षिक, अर्ध-वार्षिक, त्रैमासिक और मासिक)।

एक बार चुने गए वार्षिकी विकल्प को बदला नहीं जा सकता।

• उच्च प्रीमियम/क्रय मूल्य/ ऑनलाइन बिक्री के लिए, निगम के मौजूदा पॉलिसीधारकों/नामित/लाभार्थी के लिए वार्षिकी दर में वृद्धि का प्रोत्साहन (इन्सेंटिव) उपलब्ध है।

• पॉलिसी के तहत आस्थगन अवधि के दौरान किसी भी समय वार्षिकी (टॉप-अप वार्षिकी) को एकल प्रीमियम के रूप में अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके बढ़ाने का विकल्प है लेकिन यह केवल चालू पॉलिसी में ही उपलब्ध है ।

• मृत्यु दावे की राशि को एकमुश्त, वार्षिकीकरण के रूप में या किश्तों में लेने का विकल्प।

• परिसमापन विकल्प यानी प्रीमियम की वापसी/क्रय मूल्य के साथ वार्षिकी विकल्पों के तहत उपलब्ध वार्षिकी भुगतान और अन्य लाभों में कटौती के बदले में एकमुश्त राशि प्राप्त करने का विकल्प।

• वार्षिकी विकल्पों, प्रीमियम/क्रय मूल्य की वापसी के तहत आस्थगन अवधि के दौरान या उसके बाद ऋण सुविधा उपलब्ध होगी।

- यह योजना एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग योजना है।

चयनित वार्षिकी विकल्पों के तहत वार्षिकीधारक के जीवित रहने/मृत्यु पर हितलाभ देय हैं ,बशर्ते पॉलिसी जारी है ।

कृपया विवरण के लिए पूर्ण उत्पाद पुस्तिका और विक्रय विवरणिका देखें या हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएं।

इस योजना को अभिकर्ताओं/अन्य मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़लाइन और साथ ही वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

दिनांक -19 जनवरी, 2024, स्थान- मुंबई ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (नि.स.) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें ।

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपके आभारी होंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।